दिनांकः 21.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज जोधपुर में पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नये भवन की आधारशिला रखेंगे।
- सेवा पखवाड़े के तहत आज प्रदेशभर में नमो युवा रन का आयोजन–एक ही दिन में कल 35 हज़ार से ज्यादा निक्षय पोषण किट वितरित।
- देशभर में जीएसटी 2.0 की नई दरें कल से लागू होंगी–जीएसटी कटौती से आम आदमी को काफी राहत मिलेगी।
- एशिया कप टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में दुबई में आज भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगी।

000

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज जोधपुर दौरे पर रहेंगे। गृहमंत्री आज दोपहर जोधपुर पहुंचेंगे। इस दौरान श्री शाह पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नए भवन का शिलान्यास करेंगे। इसमें नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सहित कई सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में संस्थान में करीब साढे बारह सौ विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अब तक 4 हजार 600 से अधिक दिव्यांग यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं। संस्थान में ब्रेल प्रेस और ऑडियो बुक लाइब्रेरी तथा कम्प्यूटर स्क्रीन रीडर जैसी आधुनिक सेवाएं उपलब्ध हैं। यह कार्यक्रम जोधपुर के रामराज नगर चौखा में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत सहित राज्य के कई मंत्री मौजूद रहेंगे। गृहमंत्री की यात्रा के मद्देनजर जोधपुर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं।

000

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी.आर. गवई कल बीकानेर आए। सीजेआई ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के योगदान पर आयोजित सेमीनार में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है, जो समानता का अधिकार प्रदान करती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति से ही कई संकटों के बावजूद आज भी देश अखंड बना हुआ है।

............

सीजेआई ने महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय परिसर में लगाये गये मेगा विधिक सेवा शिविर का भी निरीक्षण किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत आज प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर **नमो युवा रन** का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में उम्मेद सिंह स्टेडियम से रन को रवाना किया। वहीं केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर में नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाई। नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित हो रही इस दौड़ को जयपुर में अमर जवान ज्योति से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के साथ है। युवा शक्ति को विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे आना चाहिए।

...............

सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही हैं। हनुमानगढ़ में विकसित भारत के संकल्प पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पखवाड़े के तहत कल निक्षय पोषण किट वितरित किये गये। इस अवसर पर राज्यभर में एक ही दिन में 35 हज़ार से ज्यादा टीबी रोगियों को ये किट दिये गये।

000

राज्य स्तरीय अमृता हाट आज से जयपुर में शुरू हो रहा है। महिला और बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किये जा रहे इस हाट का शुभारंभ राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार करेंगी। 30 सितम्बर तक चलने वाले अमृता हाट का आयोजन जवाहर कला केन्द्र में किया जा रहा है। इसमें महिला स्वंय सहायता समूहों की ओर से बनाये गये उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस पहल से महिलाओं के हुनर को पहचान मिलेगी। साथ ही वे स्वावलंबन की ओर बढ़ेंगी।

000

देशभर में जीएसटी 2.0 की नई दरें कल से लागू हो जाएंगी। 3 सितम्बर को हुई जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में टैक्स कटौती की घोषणा की गई थी। अब टैक्स दरों के 5 और 18 प्रतिशत वाले दो स्लैब ही प्रभावी रहेंगे। कर दरें घटने से आम आदमी को काफी राहत मिलेगी।

उपभोक्ता मामले विभाग ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। संशोधित जीएसटी दरों और छूटों के कार्यान्वयन के बाद उपभोक्ताओं की पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए **एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र पोर्टल** शुरू किया गया है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, ई–कॉमर्स, फास्ट–मूविंग उपभोक्ता वस्तुएं जैसी शिकायतें दर्ज की जाएंगी। उपभोक्ता अब पोर्टल या टोल–फ्री नंबर 1 9 1 5 के माध्यम से सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

इधर, प्रदेश के वाणिज्य कर विभाग ने दरों में कमी का लाभ आम जनता तक सही रूप में पहुंचे, इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। इसका पूरा लाभ आम नागरिक को मिले। इसके लिए राज्य के मुख्य कर आयुक्त कुमार पाल गौतम ने अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

उन्होंने अधिकारियों को बाज़ार जाकर जीएसटी कटौती का सीधा असर सुनिश्चित करने को कहा है।

000

राज्य के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सप्त शक्ति कमान की ओर से 'अमोघ फ्यूरी' इंटीग्रेटेड फायर पावर युद्धाभ्यास किया गया। इस उच्च तीव्रता वाली एक्सरसाइज में विभिन्न फायरिंग प्लेटफॉर्म्स के बीच समन्वय को प्रदर्शित किया गया। रक्षा जनसम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि इस दौरान युद्धक टैंक और आक्रमणकारी हैलीकॉप्टर और अन्य परिचालन तैयारियों को परखा गया।

000

शारदीय नवरात्र कल से शुरू हो रहे हैं। आज सर्व पितृ अमावस्या के साथ ही श्राद्ध पक्ष का समापन हो जाएगा। नवरात्रि पर्व में कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की उपासना की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। इसके लिए कई तैयारियां की जा रही हैं। देवी मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है। नवरात्रि पर मेलों का भी आयोजन होगा। हनुमानगढ़ के पल्लू में कल से 15 दिन का मेला शुरू होगा। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि कारीगरों द्वारा देवी की ईको फ्रेंडली मूर्तियां बनाई जा रही हैं।

................

000

राज्य में मॉनसून की विदाई के बीच कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज हुई। बीते 24 घंटों में डूंगरपुर, डबोक और जयपुर सहित कुछ जगहों पर बरसात हुई। हालांकि अधिकतर स्थानों गर्मी और उमस का असर रहा। श्रीगंगानगर में दिन का तापमान करीब 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

हनुमानगढ़, बाड़मेर और पिलानी में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। मौसम विभाग ने आज जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयुपर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना जताई है।

000

एशिया कप टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज एक बार फिर भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगी। सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में ये मैच दुबई में रात आठ बजे से शुरू होगा। आज के मुकाबले में जीतने वाली टीम फ़ाइनल की दौड़ में शामिल रहेगी। भारत ने पिछले सप्ताह ग्रुप–स्टेज मुकाबले में पाकिस्तान पर सात विकेट से शानदार जीत हासिल की थी। कल रात सुपर फ़ोर के पहले मैच में, बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से हरा दिया।

000